http://www.howtoexam.com

This question paper contains 8+4 printed pages]

आपका अनुक्रमांक ..................

5505

**B.A. (Programme)/I I-I**

HINDI LANGUAGE—Paper I (B)

हिंदी भाषा - प्रश्न-पत्र I (ख)

(प्रवेशवर्ष 2006/2007 और तत्पश्चात्—Non-Formal Cell के विद्यार्थियों के लिए/SOL के विद्यार्थियों के लिए)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**सभी** प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10,10

(क) हमारे शासक दल सदा-सर्वदा इसी अशान्तता के वशीभूत हो अनेक पाप कर बैठते हैं । इसी मिथ्याभिमान, शान के कारण शासक और शासित के मनों में मालिन्य बढ़ जाता है । हमारा जीवन भी इसी अशक्तता से खाली नहीं । हम यही प्रयत्न किया करते हैं कि

P.T.O.

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



किसी तरह हम अपनी भूलों को छिपाए रहें, किन्तु ऐसा करना व्यक्तिगत रूप में ही हानिकारक नहीं, वरन् जातीय रूप में भी वह हानिकारक है, क्योंकि हमारी व्यक्तिगत करतूतें देश के सामने मिथ्याभिमान की आन निबाहने का नमूना रखती हैं और इससे न केवल हमारा व्यक्तित्व ही मलिन होता है, वरन् हम अपने समाज, अपने देश, अपने आदर्श, अपने उत्कृष्ट विचार आदि सबको मैला करते हैं । क्या देश की आत्माओं में इतना बल आएगा कि वे सदैव अपने कृत कुकर्मों पर खेद प्रकट करने को उद्यत रहें तथा उसे अनुताप की अंजलि से धो देने में न हिचकें ?

(i) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक बताइए ।

(ii) शासक और शासित के मनों में मालिन्य बढ़ने के क्या कारण होते हैं ?

(iii) हमारा व्यक्तित्व किन कारणों से मलिन होता है ?

(iv) 'मिथ्याभिमान' एवं 'अनुताप की अंजलि' शब्दों का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिये ।



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



)5

(ख) एक समूचा धर्म बिना ईश्वर के प्रवर्तित और संगठित हो गया । अत: ईश्वर और पुनर्जन्म को छोड़कर भी नैतिकता बोध का संस्कार पैदा किया जा सकता है । हमारे ज़माने में इसके लिए मनुष्य की गरिमा और जीवन की पवित्रता को केन्द्रीय मूल्य के तौर पर ग्रहण करना होगा । इसी से समाज का भी पुनर्निर्माण होगा और साथ-साथ पर्यावरण का पुनरुद्धार । अमर्यादित विषमता समाज को खत्म करती है और मनुष्य की गरिमा को नष्ट । समत्व शायद दु:साध्य है, लेकिन विषमताओं के अनुपात को मर्यादित और मानवीय बनाना हमेशा संभव है । एक सीमा के ऊपर या नीचे विषमता को अस्वीकार करना, उसको बर्बरता मानना आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिकता बोध का पहला कदम है । 'सबार ओपोरे मानुष' के रवीन्द्रनाथ ठाकुर के उद्‌घोष को मन्त्र मानकर यह यात्रा शुरू हो सकती है ।

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का सूत्र वाक्य क्या है ?

P.T.O.

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



(*ii*) समाज का पुनर्निर्माण कैसे संभव है ?

(*iii*) अमर्यादित विषमता घातक क्यों है ?

(*iv*) आधुनिक मनुष्य के लिए नैतिकता बोध का पहला कदम क्या है ?

(ग) कितनी कठिन जीवनी-शक्ति है ! प्राण ही प्राण को पुलकित करता है, जीवन शक्ति ही जीवनी-शक्ति को प्रेरणा देती है । दूर पर्वतराज हिमालय की हिमाच्छादित चोटियाँ हैं, वहीं कहीं भगवान महादेव समाधि लगाकर बैठे होंगे, नीचे सपाट पथरीली जमीन का मैदान है, कहीं-कहीं पर्वतनन्दिनी सरिताएँ आगे बढ़ने का रास्ता खोज रही होंगी—बीच में यह चट्टानों की ऊबड़-खाबड़ जटाभूमि है—सूखी, नीरस, कठोर ! यहीं आसन मारकर बैठे हैं मेरे चिरपरिचित दोस्त कुटज । एक बार अपने झबरीले मूर्धा को हिलाकर समाधिनिष्ठ महादेव को पुष्पस्तवक का उपहार चढ़ा देते हैं और एक बार नीचे की ओर अपनी पाताल-भेदी जड़ों को दबाकर गिरिनन्दिनी सरिताओं को संकेत से बता देते

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



हैं कि रस का स्त्रोत कहाँ है । जीना चाहते हो ? कठोर पाषाण को भेदकर पाताल की छाती चीरकर अपना भोग्य संग्रह करो; वायुमंडल को चूसकर, झंझा तूफान को रगड़कर, अपना प्राप्य वसूल लो; आकाश को चूमकर, अवकाश की लहरों में झूमकर, उल्लास खींच लो । कुटज का यही उपदेश है ।

(i) यह अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम भी लिखिए ।

(ii) जीवन-शक्ति ही जीवनी-शक्ति को कैसे प्रेरणा देती है ?

(iii) 'कुटज' के निवास-स्थान का वर्णन कीजिए ।

(iv) 'कुटज' जीवन शक्ति के लिए रस कहाँ से प्राप्त करता है ?



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



2. किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10

(i) लोग विक्रम को क्यों याद करते हैं ?

(शिवशम्भु के चिट्ठे : बनाम लार्ड कर्जन)

(ii) महात्मा गाँधी किस बात को अपना आद्य कर्त्तव्य समझते थे ? (अनुताप की महिमा)

(iii) साक्षर और शिक्षित में क्या अंतर होता है ?

(जन-शिक्षा)

(iv) शहीद बिस्मिल को फाँसी की सजा क्यों हुई थी ?

(बिस्मिल का अंतिम संदेश)

(v) कुट शब्द से बनने वाले **दो** शब्द बनाइए ।

(कुटज)

(vi) नादान दोस्त से क्या तात्पर्य है ?

(शुभ-कामना)

(vii) ध्यान से देखने को लेखक ने आवश्यक क्यों माना है ? (देखो मगर ध्यान से)

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3

(i) सत्यधन कौन था ? उसकी किन्हीं **दो** चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

(ii) कट्टो का परिचय दीजिए ।

(iii) सत्यधन कट्टो का विवाह क्यों करवाना चाहता था ?

(iv) सत्यधन ने गरिमा से विवाह क्यों किया ?

(v) 'परख' उपन्यास का नायक आप किसे मानते हैं, और क्यों ?

(vi) गरिमा और कट्टो के जीवन में क्या अंतर है ?

(vii) गरिमा कौन है एवं बिहारी से उसका क्या संबंध है ?



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) सूबे के गवर्नर ने दीक्षांत समारोह में आने की क्या शर्त रखी थी ?

(जीवन निर्माता अध्यापक : अमरनाथ झा)

(ii) शिशिर भादुड़ी से लेखक की पहली और आखिरी मुलाकात कब हुई थी ?

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(iii) लेखक को लाडसाहब में आदर्शवाद की झाँकी कैसे मिली ?

(अफसर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड)

(iv) पीयर्स के विचार में शिक्षक शब्द कैसे सार्थक बनता है ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक : एफ. जी. पीयर्स)

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



(*v*) पन्नालाल घोष का निधन कब हुआ ? उस समय उनकी आयु क्या थी ?

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(*vi*) जीवन के अंतिम वर्षों में सच्चिदानन्द सिन्हा की क्या उत्कट अभिलाषा थी ?

(एक जन्मजात चक्रवर्ती : सच्चिदानंद सिन्हा)

(*vii*) लेखक एवं सुधीन्द्र दत्त में सर्वप्रथम क्या बातचीत हुई ?

(द्रष्टा, कर्त्ता और कवि : सुधीन्द्र दत्त)

4. (क) किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 5

(*i*) मन के जीते जीत है;

(*ii*) अब पछताए क्या होत;

(*iii*) संगठन में शक्ति है ।



HowToExam.com

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



(ख) निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण कीजिए और उपयुक्त शीर्षक भी दीजिए : 5

वीरता का विकास नाना प्रकार से होता है । कभी तो उसका विकास लड़ने मरने में, खून बहाने में, तलवार और तोप के सामने जान गँवाने में होता है । कभी प्रेम के मैदान में उसका झंडा खड़ा होता है । कभी साहित्य और संगीत में वीरता खिलती है । कभी जीवन के गूढ़ तत्व और सत्य की तलाश में बुद्ध जैसे राजा विरक्त होकर वीर हो जाते हैं । कभी किसी आदर्श पर कभी किसी पर वीरता अपना फरहरा लहराती है । परन्तु वीरता एक प्रकार का इलहाम (inspiration) है । जब कभी इसका विकास हुआ तभी एक नया कमाल नजर आया; एक नया जलाल पैदा हुआ; एक नई रौनक, एक नया रंग, एक नई बहार, एक नई प्रभुता संसार में छा गई ।

5. किसी **एक** विषय पर विचार लिखिए : 8

(*i*) चुनाव-प्रणाली;

(*ii*) भारतीय सिनेमा;

(*iii*) क्रिकेट ।

Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



6. किसी **एक** घटना अथवा स्थिति का चित्रण कीजिए : 7

(*i*) भीड़ में विस्फोट की आवाज,

(*ii*) आकाश में उड़ती पतंगें ।

7. (क) कोश किसे कहते हैं ? एकभाषी **अथवा** द्विभाषी कोश से आप क्या समझते हैं ? 5

(ख) हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के लिए निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार लिखिए : 5

धर्मान्ध, आगन्तुक, नवीन, आदर्श, प्रज्ञा, धनुष, टंकार, क्षत्रिय, कृपा, आज्ञा, परिवर्तन, कविता, कल्याण, कामना, यमुना, कीमत ।

8. (क) निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए : 4

(*i*) बच्चे सोते हैं । (भाववाच्य)

(*ii*) धोबी कपड़े धोता है । (कर्मवाच्य)

(*iii*) माली द्वारा पौधों को पानी दिया जाता है । (कर्तृवाच्य)

(*iv*) क्या वे लिखेंगे ? (भाववाच्य)



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper

http://www.howtoexam.com



(ख) निम्नलिखित का निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए : 4

(i) तुम बस मिलने के स्थान पर रुक जाना ।

(मिश्र वाक्य)

(ii) शाम हुई और सड़कों पर गाड़ियाँ दौड़ने लगीं ।

(सरल वाक्य)

(iii) परिश्रमी लोग जीवन में सफल होते हैं ।

(मिश्र वाक्य)

(iv) रजत खाना खाकर सो गया । (संयुक्त वाक्य)

(ग) निम्नलिखित संक्षिप्तियों के पूर्ण रूप लिखिए : 4

(i) दि. वि. प्रा.

(ii) के. लो. नि. वि.

(iii) के. रि. पु.

(iv) दि. न. नि.

(घ) निम्नलिखित के पर्यायवाची लिखिए : 4

उन्नति, निर्माण, आदर, नूतन ।

(ङ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के अर्थ बताइए : 4

त्रिभुवन, पीताम्बर, धनुर्धर, सेनानायक ।



Old entrance exam solved question paper, previous year paper, and guess paper